तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

13 धान उठाव की सुस्त चाल से खरीदी केंद्रों में बढ़ी मुसीबत



14 बस स्टैंड में अतिक्रमण पर नगर निगम ने की कार्रवाई











## खबर संक्षेप

### यादव समाज की बैठक आज

**धमतरी।** जिला संगठन कोसरिया यादव समाज की बैठक मगरलोड ब्लॉक के मधुबनधाम के श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक रखी गई है। बैठक में समाज को सशक्त बनाने, जिला संगठन के लिए 50 रूपये प्रत्येक घर से देय राशि जिला कोषालय में जमा करने के संबंध में चर्चा की जायेगी। सभी ब्लॉक अध्यक्षों से अपने ब्लॉक की संपूर्ण राशि लेकर आने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी जिला सचिव रामेश्वर यादव ने दी।

### करगा में मड़ई 20 को

**जीजामगांव।** ग्राम करगा में 20 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए माटी के सिंगार लोक कलामंच गिरहोला चारामा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी प्यारेलाल साहू, डागेश्वर, सोमनाथ ने दी।

### भैंसबोड़ में मड़ई मेला 20 को

**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्राम भैंसबोड़ में मड़ई मेला का आयोजन 20 जनवरी को किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए भुइंया के श्रृंगार छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होच्चेटोला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम पंचायत भैंसबोड़ ने दी।

### डांडेसरा में मड़ई 19 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** नव युवा संगठन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम डांडेसरा के खेल मैदान में 19 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय सूर्या छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच नाच पार्टी रानीदहरा जिला कबीरधाम का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष छेदन नगारची, उपाध्यक्ष कुणाल साहू, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र साहू, सचिव टेकराम यादव, रोशन ध्रुव, देवकुमार दीवान जुटे हुए हैं।

### ग्राम बंगोली में संत समागम 23 से

**अंवरी।** ग्राम बंगोली में इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से संत गुरु घासीदास बाबा सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। 23 जनवरी को दीप प्रज्ज्वलित, कलश स्थापना एवं शोभायात्रा निकली जायेगी। 24 जनवरी को गुरुवाणी एवं चौका पार्टी रखा गया है। 25 जनवरी रविवार को लोक श्रृंगार सांस्कृतिक गोरेलाल बर्मन सत्संग मंच मोवा रायपुर की प्रस्तुति होगी। तैयारी में ग्राम समाज विकास समिति जुटी है।

### कचना में मड़ई मिलन समारोह 24 को

**जीजामगांव।** ग्राम कचना में 24 जनवरी शनिवार को मड़ई मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मां के ममता लोक संस्कृति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम चिखली बांधाबाजार जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने दी।

घट गई गौवंशीय, भैंसवंशीय मवेशियों की संख्या, बकरा-बकरी, मुर्गा-मुर्गी बढ़े

# नौ माह पहले हो चुकी पशु संगणना, अब तक रिजल्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेती के बदलते पैटर्न के चलते पिछले पांच साल में गौवंशीय और भैंसवंशीय पशुओं की संख्या में कमी आई है। वहीं फार्मिंग संस्कृति के बढ़ते चलन से मुर्गी, बकरी, बतख जैसे पशु-पक्षियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। फाइनल रिजल्ट दिल्ली से जल्द ही जारी किया जाएगा, जो 9 माह से अटका हुआ है।

पशुपालन को बढ़ावा देने और पशुधन विकास की योजनाओं को दिशा देने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग द्वारा सभी प्रकार के पशुओं की गिनती की गई। यह पशु संगणना पूरे देश में एक साथ चली। 25 अक्टूबर से शुरू पशु संगणना का काम 6 माह से अधिक चला। जिले में हर चूल्हे को इकाई मानकर जिले में पशुओं की गिनती की गई। पालतू पशुओं के साथ आवारा पशुओं और सांडों की भी गणना की गई। जानकारी के अनुसार जिले के सभी 626 गांव और 5 नगर पंचायत, एक नगर निगम के 115 वार्डों में गणना की गई। मैनुअल के साथ डिजिटल तरीके से डाटा संग्रहित किया गया। पशु संगणना का काम मार्च 2025 में कम्पलीट कर लिया गया। पूरी जानकारी दिल्ली प्रेषित कर दी गई है, जहां पर पूरे देश का रिजल्ट एक साथ जारी किया जाएगा। जानकारी भेजे 9 माह से अधिक हो गया है, लेकिन अब तक पशु संगणना का अधिकृत रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। हालांकि यह जानकारी स्पष्ट हो चुकी है कि पिछले पांच साल में गौवंशीय और भैंसवंशीय पशुओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।



### तीन लाख थे मवेशी

इससे पहले हुई पशु संगणना में गौ वंशीय और भैंसवंशीय पशुओं की संख्या 2 लाख 93 हजार थी। 7 हजार सूकर थे। इस बार की संगणना में इनकी संख्या में कमी आई है। हालांकि नस्ल सुधार कार्यक्रम के चलते दूध उत्पादन बढ़ा है। इन पशुओं की गणना के साथ बकरा, बकरी, पक्षियों, बतख, कुत्ते, मुर्गियों की भी गणना की गई है। इन पशु पक्षियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। इस साल आवारा पशुओं की गणना की गई है।

### आवारा मवेशियों की गणना में काफी मेहनत

पालतू पशुओं की गिनती विभाग ने आसानी से कर ली, लेकिन आवारा मवेशियों की गणना में काफी मेहनत करनी पड़ी। आवारा पशुओं की गणना सटीक बनाने के लिए जिस पशु की गिनती की एक बार कर ली गई, उस पर निशान लगाया गया, इसके बाद भी समस्या कम नहीं हुई। सबसे ज्यादा समस्या आवारा कुत्तों और मवेशियों को लेकर आई। इसी प्रकार आवारा सांडों व मवेशियों को लेकर समस्याओं का सामना करना। सभी समस्याओं का सामना करते हुए पशुधन विकास विभाग के मैदानी अमला ने अपना काम कर जानकारी दिल्ली भेज दी है, लेकिन जानकारी भेजने के 9 माद भी वहां से रिजल्ट जारी नहीं किया गया। विभागीय अधिकारियों के साथ पशुपालकों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है।

# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

- मजबूत साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों पर दोषसिद्ध हुआ
- एक वर्ष पहले केरेगांव में हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केरेगांव में एक वर्ष पहले हुए हत्याकांड के मामले में साक्ष्यों के आधार पर दोषी सिद्ध पाये जाने पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस के अनुसार घटना 29 मई 2024 की रात्रि की है। पिकअप चालक पंकज ध्रुव केरेगांव पर बस स्टाप के पास बाइक सवार तीन युवकों ने घूरकर देखने की बात पर चाकू से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कर दी। केरेगांव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 34, 201 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह के नेतृत्व में केरेगांव पुलिस एवं साइबर टीम ने तत्काल सघन विवेचना प्रारंभ की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर की सूचना तथा प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी चंद्रेश देवदास, हरीश साहू व रोशन यादव को जल्द गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उनका बयान दर्ज किया गया जिसके आधार पर घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल एवं कपड़ों को जब्त किया गया। जांच में यह तत्य प्रभावशील हुआ कि आरोपियों ने शराब के नशे में मामूली विवाद पर गुस्से में आकर युवक पंकज ध्रुव पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजते हुए समयबद्ध रूप से न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। केरेगांव पुलिस द्वारा की गई वैज्ञानिक निष्पक्ष एवं समय आधारित सटीक विवेचना के परिणामस्वरूप न्यायालय ने आरोपी चंद्रेश देवांगन पिता चित्रसेन उम्र 19 वर्ष, हरीश साहू पिता भूपेंद्र उम्र 23 वर्ष व रोशन यादव पिता सुमन यादव उम्र 19 वर्ष तीनों नयापारा गोकुलपुर धमतरी निवासी को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं एक- एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

वहीं पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने उत्कृष्ट विवेचना के लिए एएसआई प्रदीप सिंह की सेवा पुस्तिका में नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया।

# जिंदगी और मौत की जंग हार गई हथिनी

## सात दिनों के इलाज के बाद शनिवार को हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जीवन और मृत्यु के संघर्ष में एक बीमार हथिनी की मौत हो गई। 10 से 12 वर्ष की इस हथिनी का उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में इलाज किया गया, जिसमें जंगल सफारी और पेंड्री जू के डॉक्टरों की मदद ली गई है लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

उदंती सीतानदी के रिजर्व फॉरेस्ट के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि एक हथिनी 10 से 12 वर्ष की गरियाबंद और धमतरी के जंगल होते हुए उदंती सीतानदी के जंगल पहुंची। 22 दिसम्बर को यूएसटीआर स्टाफ को पता चला कि हथिनी कुछ नहीं खा पा रही है क्योंकि हथिनी का मल नहीं निकल रहा है। हथिनी का इलाज पिछले 7 दिनों से चल रहा था। बीच में कुछ खाने भी लगी थी। मल त्याग भी कर रही थी लेकिन 15 जनवरी को अचानक तबीयत बिगड़ी। जंगल सफारी तथा पेंड्री जू के डॉक्टरों से इलाज के लिए मदद ली गई, पर उसे बचाया नहीं जा सका।

### ट्रेंकिंग और इलाज से जनहानि रूकी

डिप्टी डायरेक्टर श्री जैन बताते हैं कि बीमार हथिनी उग्र थी। यूएसटीआर के हाथी मित्र दल जान जोखिम में डालकर दवाई खिलाते थे। ट्रेकिंग और इलाज करने से जनहानि की घटना को रोक लिया गया। हथिनी का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### आमदी के दो युवकों का आईटीबीपी व सीआईएसएफ में चयन

**नगरी।** ग्राम आमदी निवासी दो युवकों का चयन देश की प्रतिष्ठित अर्धसैनिक बल में होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। आमदी निवासी मनीष मरकाम पिता दिलीप मरकाम (पूर्व सरपंच) का चयन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में हुआ है, वहीं बिट्टूराम नेताम पिता रामगुलाल नेताम का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हुआ है। दोनों युवकों की इस उपलब्धि से ग्राम आमदी सहित नगरी अंचल का नाम रोशन हुआ है। इन युवकों की सफलता की सूचना मिलते ही क्षेत्र में बधाइयों का तांता लग गया। विधायक अंबिका मरकाम, प्रवीण मरकाम, आमदी की सरपंच उमेश्वरी नेताम, विमल कोरम, मरखमन नेताम, दुर्गेश, बेनीराम नेताम, गंगाराम नेताम, मनू यादव, माधुरी मरकाम, मनोहर नेताम, जनता नेताम, नूतन मरकाम, फूलचंद मांडवी सहित ग्रामवासियों ने दोनों युवकों को सफल सेवा जीवन की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि मनीष एवं बिट्टू की यह सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सिद्ध करती है कि कठिन परिश्रम व लगन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### मोदे के मोनेश का बीएसएफ में चयन

**नगरी।** ग्राम मोदे निवासी मोनेश साहू पिता डिगेश्वर साहू का चयन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मोनेश रामलाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक के नाती, यतींद्र साहू एवं अनिल साहू के भतीजे व कमलेश साहू व्यायाम शिक्षक एवं सचिन साहू के छोटे भाई हैं। क्षेत्र की विधायक, जिपं अध्यक्ष, जपं अध्यक्ष, नपं नगरी अध्यक्ष, ग्राम मोदे के सरपंच सहित ग्रामवासियों ने मोनेश के उज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों ने कहा कि मोनेश साहू की यह सफलता यह सिद्ध करती है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ग्रामीण अंचल के युवा भी देश सेवा के उच्च शिखर तक पहुंच सकते हैं।



## निधन

### श्रीमती रेवतीबाई साहू

**मगरलोड।** ग्राम भरदा निवासी श्रीमती रेवतीबाई साहू उम्र 55 वर्ष का निधन 17 जनवरी शनिवार को हो गया। वे भारतीय किसान संघ मगरलोड अध्यक्ष तोमनसिंह साहू की पत्नी थीं। वे अपने पीछे पुत्र कुलेश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।




**// आम सूचना //**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गायत्री बाई पिता तिलकदास जाति पनिका निवासी-ग्राम उड़ेना थाना अर्जुनी तह. व जिला धमतरी छ.ग. एवं जयंत्री बाई पिता तिलकदास जाति पनिका निवासी-ग्राम बोरिदखुर्द तह. व जिला धमतरी छ.ग. की माता बहुरा बाई पिता मंगल के नाम पर ग्राम भटगांव प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. रूद्री तह. व जिला धमतरी में स्थित कृषि भूमि खसरा 937/1 रकबा 0.40 हे. समस्त राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिसे ढालूदास पिता तिलकदास जाति-पनिका निवासी ग्राम भटगांव द्वारा मेरे पक्षकार की अनुपस्थिति, बिना उनकी सहमति के एवं दबाव डालकर, बलपूर्वक अपने पक्ष में दिनांक 24.03.2025 को प्रतिफल रहित दानपत्र निष्पादित करवा लिया है तथा उक्त भूमि पर अपना नाम दर्ज करवा कर मेरे पक्षकार को उनके हित व अधिकार से वंचित करने की नियत से जमीन दलालों से सांठगांठ कर उनके माध्यम से भूमि विक्रय करने हेतु ग्राहक तलाश कर रहे हैं उक्त भूमि पैतृक होने से मेरे पक्षकार का बहुरा बाई की विधिक वारिसान होने के नाते समान अधिकार है जिसके लिये पृथक से व्यवहार वाद प्रस्तुत किया जाना है।

अतः इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को क्रय करने से बचे, अनावश्यक वाद-विवाद एवं कानूनी प्रक्रियाओं से बचे।

तदानुसार सूचना जारी है।

दिनांक-

भवदीय
डी.एस. मोरार (अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट धमतरी
जिला-धमतरी छ.ग.


परेशान किसान धान वापस लाने को हुआ मजबूर

# अधिकारियों पर दबाव बनाकर झूठा पंचनामा बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



धान उपार्जन केंद्र कोलियारी (भखारा) में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक किसान के बिना जानकारी के कथित तौर पर झूठा पंचनामा तैयार किए जाने का आरोप लगा है। किसान हरिचंद्र साहू पिता रूपराम साहू ने प्रशासन और सोसाइटी प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

पीड़ित किसान हरिचंद्र साहू ने बताया कि उनकी 0.9100 हेक्टेयर जमीन के लिए 16/1/26 को 46 क्विंटल धान का ऑनलाइन टोकन कटा था। जब वह धान बेचने के लिए उपार्जन केंद्र पहुंचे तो सोसाइटी कर्मचारियों ने यह कहकर केवल 30 क्विंटल धान ही खरीदा कि उनके खाते में उतनी ही मात्रा दर्ज है। किसान का कहना है कि जब उनके पास 46 क्विंटल का वैध टोकन था, तो शेष 16 क्विंटल धान क्यों नहीं लिया गया। किसान ने बताया कि उस समय समिति प्रबंधन और नियमित कर्मचारी मौजूद नहीं थे, जिससे वह अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा सके। परेशान होकर उन्होंने किसान नेता एवं पूर्व विधायक लेखराम साहू को अपनी समस्या बताई। पूर्व विधायक के हस्तक्षेप के बाद भखारा तहसीलदार मौके पर जांच के लिए पहुंचे। जांच के दौरान किसान ने अपनी पूरी बात तहसीलदार के सामने रखी, लेकिन सोसाइटी के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा एक पंचनामा दिखाया गया, जिसमें किसान का नाम हरिचंद्र साहू की जगह लेखराम साहू दर्ज बताया गया।

समस्या का समाधान नहीं होने पर मजबूरन किसान को शेष 16 क्विंटल धान वापस खलिहान लाना पड़ा। तहसीलदार ने कहा कि ग्राम पटेल, कोटवार एवं ग्रामीणों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया है, इसलिए निर्धारित मात्रा से अधिक धान नहीं लिया जा सकता।

वहीं पूर्व विधायक लेखराम साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की जटिल धान खरीदी प्रक्रिया किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रही है। सरकार जानबूझकर किसानों को परेशान कर रही है।

## टोकन नहीं कटने से किसान परेशान

**जीजामगांव।** टोकन नहीं कटने की समस्या से किसान परेशान हैं। ग्राम मड़ेली निवासी किसान रुधीर बैस ने बताया कि वह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मड़ेली से जुड़े नए किसान हैं। उनके नाम पर मड़ेली गांव में 0.45 एकड़ भूमि दर्ज है। श्री बैस के अनुसार उन्होंने समय रहते सभी आवश्यक दस्तावेज समिति में जमा कर दिए थे, इसके बावजूद अब तक उनका किसान कोड जारी नहीं किया गया है। किसान कोड नहीं मिलने के कारण धान बिक्री के लिए टोकन नहीं कट पा रहा है। किसान ने बताया कि इस समस्या को लेकर वह कई बार समिति का चक्कर काट चुके हैं और अनुविभागीय अधिकारी कुरूद के कार्यालय में भी आवेदन दे चुके हैं। अब धान खरीदी की अंतिम तिथि में केवल 10 दिन शेष हैं, जिससे उन्हें चिंता सता रही है कि उनका धान बिक पाएगा या नहीं। इस संबंध में समिति प्रबंधक का कहना है कि किसान का आवेदन अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को भेज दिया गया है और आगे की प्रक्रिया वहीं से होगी।



## अजय ने दिलाई 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

- कुरुद विधानसभा के 18 गांवों में रखी जायेगी विकास की नई ईंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कुरुद विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा और अथक प्रयास के चलते छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने 1 करोड़ 1 लाख 47 हजार रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। इस मंजूरी के साथ ही क्षेत्र के 18 गांवों में विकास की नई ईंट रखी जाएगी।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय (प्राधिकरण प्रकोष्ठ) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कुरुद विधानसभा क्षेत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए 18 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए राशि जारी की गई है। यह राशि सीधे तौर पर ग्रामीण अंचल की तस्वीर बदलने में उपयोग की जाएगी। विधायक चंद्राकर द्वारा प्रस्तावित जिन प्रमुख कार्यों को मंजूरी मिली है, उनमें सामुदायिक भवन, सीसी रोड और नाली निर्माण शामिल हैं। यह सौगात सीधे जनता की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी है जिसमें ग्राम भोथली (साहू पारा), बिरेझर (परिक्षेत्र साहूपारा), गुदगुदा (मालिकपुरी पारा), रामपुर (यादव पारा) और करेगा (पटेल पारा) में भव्य सामुदायिक भवनों का निर्माण होगा। ग्राम सौराबांधा, कोटगांव, सिंधौरीकला और डांडेसरा में सीसी रोड का निर्माण कर आवागमन को सुगम बनाया जाएगा। ग्राम धूमा, सिलघट, जुगदेही, मंदरौद और बोरझरा में नाली निर्माण को मंजूरी मिली है, जिससे स्वच्छता अभियान को बल मिलेगा। वहीं सांस्कृतिक विकास हेतु ग्राम नारी के हटरी चौक में रंगमंच का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों की स्वीकृति मिलने पर कुरुद क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विधायक अजय चंद्राकर जनता की नब्ज पहचानते हैं। जनता की जरूरतों को हकीकत में बदलने का हुनर कोई उनसे सीखे। इन 18 नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए कुरुदवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त कर कहा है कि आप हैं, तो विकास मुमकिन है।

## मीना व क्राफ्ट बाजार होंगे आकर्षण का केन्द्र

- 1 फरवरी से कर्णेश्वर मेला, 21 जनवरी को होगी बाजार की नीलामी
- महोत्सव को लेकर ट्रस्ट की हुई बैठक, प्रमुख सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ऐतिहासिक मेला महोत्सव 1 से 5 फरवरी तक होगा। मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को हुई ट्रस्ट की बैठक में विभिन्न कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया। कर्णेश्वर मन्दिर परिसर में नवनिर्मित भक्त माता कर्मा मन्दिर व हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 30 व 31 जनवरी को होगा। मन्दिर का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में कराया गया है। वहीं भक्त माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी लाल साहू सांकरा व उनके परिवार द्वारा प्रदत्त की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि 30 जनवरी को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा, पंचांग पूजन, वेदी पूजन, अन्नाधिवास तथा 31 जनवरी को दोनों मन्दिर में कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूर्णाहुति होगी। इसी दिन सांध्यकालीन बेला में महानदी व बालका नदी के संगम धाट में चित्रोत्पला महानदी गंगा पूजन और कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। तैयारी को अंतिम रूप प्रदान करते हुए सदस्यों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस वर्ष पांच दिवसीय मेला महोत्सव में नए साज सज्जा के साथ मीना बाजार, क्राफ्ट बाजार आकर्षण का केन्द्र होंगे। बाजार को व्यवस्थित रूप से बिठाने के लिये ट्रस्ट ने प्रमुख सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसकी नीलामी 21 जनवरी बुधवार को मन्दिर प्रांगण में होगी।

बैठक में वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, ट्रस्ट उपाध्यक्ष रवि दुबे, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव राम भरोसा साहू, मोहन पुजारी, नागेंद्र शुक्ला, शिव परिहार, कैलाश प्रजापति, ललित शर्मा, कनक राम बोरघरिया, अमर सिंह पटेल,दीपक यदु, कमल डागा, छबि ठाकुर, योगेश साहू, गगन नाहटा, महेंद्र कौशल, प्रदीप जैन, रवि भट्ट, हनी कश्यप, प्रताप सुरेशा, मिलेश्वर साहू, ललित निर्मलकर, दुर्गेश साहू, होरी लाल पटेल, अश्वनी निषाद, टेश्वर ध्रुव, मदन साहू, भूपेश साहू, ईश्वर जांगड़े उपस्थित थे।

25 वर्ष पहले शुरू हुआ यह सफर बदस्तूर जारी है

## मूलचंद पुनः बने कुरूद प्रेस क्लब के अध्यक्ष, धनसिंह महासचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



लोकतंत्र में अक्सर चुनाव का मतलब विभाजन होता है, लेकिन शुक्रवार को कुरुद प्रेस क्लब ने इस परिभाषा को बदल दिया। स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित एक हाई-प्रोफाइल बैठक में कुरुद के पत्रकारों ने एकजुटता का नमूना पेशकर सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष व महासचिव चुन लिया। आगामी राष्ट्रीय पर्व की तैयारी एवं साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने आहूत बैठक में एक बार फिर निवर्तमान अध्यक्ष पर भरोसा जताते हुए मूलचंद सिन्हा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है, जबकि संगठन की धुरी माने जाने वाले महासचिव पद की जिम्मेदारी धनसिंह सेन को सौंपी गई है।

संगठन के संरक्षक कृपाराम यादव ने नई टीम पर गहरा विश्वास जताते हुए कहा कि यह प्रेस क्लब के लिए एक सुखद संयोग है। 25 साल पहले कुरुद प्रेस क्लब का जो सफर शुरू हुआ था, वह आज भी बदस्तूर जारी है। खुशी इस बात की है कि हमें मूलचंद और धनसिंह जैसे कर्मठ साथी का नेतृत्व मिलेगा।

कुरूद प्रेस क्लब के संरक्षक प्रेमलाल साहू, कृपाराम सिन्हा, अजय केला, जमाल रिजवी, गणेश साहू, यशवंत गंजीर, रवि शर्मा, चंदन शर्मा, योगेश साहू, दीपक साहू ने नवनियुक्त अध्यक्ष, महासचिव चुने जाने पर हर्ष जाहिर किया है।

## उद्घाटन मैच में हसदा ने कातलबोड़ को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



कोसमर्रा में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच डॉ कुलेश्वर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रामप्रसाद कंवर साहू, समाज अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं हेमंत बंजारे, किशोर तारक, दयाशंकर निषाद, पंकज साहू, सोनू निर्मलकर ने किया। उद्घाटन मैच हसदा और कातलबोड़ के बीच हुआ। कातलबोड़ की टीम ने 7 ओवर में 40 रन बनाए। जवाब में हसदा ने 3 ओवर में मैच जीत लिया। प्रवीण को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच हसदा और सिर्वे के बीच हुआ। सिर्वे ने निर्धारित 8 ओवर में पिंकेश के 49 रन और यशु के 29 रन की बदौलत 90 रन बनाए। जवाब में हसदा की टीम ने प्रवीण के नाबाद 53 रनों की बदौलत 5 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सुख की अपेक्षा आनंद की तलाश करनी चाहिए : ममता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव





संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह के द्वितीय दिवस व्यासपीठ से दीदी ममता पाठक रतलाम मध्यप्रदेश ने कहा कि जीवन में दुख और सुख आते-जाते रहते हैं। दुख की घड़ी में परमात्मा आपकी धैर्य की परीक्षा लेता है। उससे विचलित नहीं होना चाहिए। लोगों को सुख की अपेक्षा आनंद प्राप्त कर जीवन को धन्य करना चाहिए। दीदी जी ने कपिल मुनि अवतार की कथा को विस्तार से बताया। कथा श्रवण करने अंचल के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

## सच्चा मित्र वही जो संकट के समय साथ खड़े रहे : त्रिभुवन

- सेमरा (भखारा) में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





ग्राम सेमरा (भखारा) में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में पंडित त्रिभुवन मिश्रा ने बताया कि सच्चा मित्र वही है जो संकट के समय अपने साथी मित्र के साथ खड़े रहे, उन्हें गलत रास्तों में जाने से रोके। जैसे भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी का मित्र पूरे दुनिया के लिए मिसाल है। हमें भी उनका अनुसरण करना चाहिए।

गुरुवार को तीरथ राम सिन्हा परिवार द्वारा ग्राम सेमरा (भखारा) में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र प्रसंग का श्रवण कराते हुए बताया कि भगवान और मित्र से किसी भी प्रकार से छल, कपट नहीं करना चाहिए। जैसे सुदामा ने अपने मित्र श्री कृष्ण से कपटकर चना खा गए। जिसकी वजह से उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा दुःख देखने को मिला। बावजूद श्री कृष्ण ने अपनी मित्रता धर्म निभाते हुए उनको संसार का सब वैभव दिया। कहने का तात्पर्य यह है कि सच्चा मित्र वही होता है जो बिन कहे मित्र की बातों को समझ जाए और उनकी समस्या का समाधान करें। पंडित त्रिभुवन महाराज ने कहा कि मित्र को अपने साथी मित्र के बुरे वक्त में साथ खड़े रहना चाहिए। उन्हें गलत रास्तों में जाने से रोकना चाहिए। पत्नी भी पति का सच्चा मित्र होती है। उन्हें भी अपने पति को गलत रास्तों में जाने से रोके। उन्होंने कहा कि हमें अध्यात्म और धर्म संस्कृति से जुड़ने की आवश्यकता है। पुराण के आठवें दिन शुक्रवार को श्री कृष्ण परमधाम, तुलसी वर्षा फ़िर शाम को शोभायात्रा निकाली गई।

## शिक्षकों एवं छात्रों ने स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

- कोसमर्रा स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर व्याख्यान एवं स्वदेशी संकल्प का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्राचार्य डीएल साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा व्याख्यान एवं स्वदेशी संकल्प का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।

मुख्य वक्ता प्राचार्य डीएल साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र, बाल्यकाल प्रसंग, व्यक्तित्व निर्माण पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को राष्ट्र एवं समाज के लिए सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रासेयो अधिकारी श्री सोनबेर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होती है। देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। वरिष्ठ व्याख्याता बालकृष्ण साहू ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्त जीवन एवं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू व व्याख्याता आभार व्यक्त नरेश कुमार ने किया।

मेचका में 47वीं ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# रानीगांव की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा, घुरावड़ को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





ग्राम मेचका (सोंढूर) में 47वीं ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न ग्रामीण टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले हुए। पहला सेमीफाइनल क्रिकेट क्लब रानीगांव एवं सनराइज क्रिकेट क्लब सुदूर के बीच खेला गया, जिसमें रानीगांव ने 15 रनों से विजय प्राप्त की। दूसरा सेमीफाइनल क्रिकेट क्लब जोरातराई एवं क्रिकेट क्लब घुरावड़ के मध्य हुआ, जिसमें घुरावड़ ने सुपर ओवर में 15 रनों से जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला क्रिकेट क्लब रानीगांव एवं क्रिकेट क्लब घुरावड़ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर घुरावड़ ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। रानीगांव की टीम ने 6 ओवर में 51 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घुरावड़ की टीम 6 ओवर में 45 रन ही बना सकी। रानीगांव की टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

विजेता क्रिकेट क्लब रानीगांव को शील्ड एवं 20,026, जबकि उपविजेता क्रिकेट क्लब घुरावड़ को शील्ड एवं 10,026 की राशि प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरीज कामता प्रसाद, मैन ऑफ द मैच लोकेश बेस्ट, बॉलर शेषनारायण धुर्वा, बेस्ट कीपर ओमप्रकाश, भूषण, बेस्ट ऑलराउंडर शंकर ठाकुर, बेस्ट बैट्समैन सोहन रहे। सर्वाधिक छक्के धनराज बेस्ट ने लगाए। कमेंटेटर मनीष, बेस्ट दर्शक हिरामन साहू, सरजा बाई सेन रहे। अनुशासित टीम क्रिकेट क्लब जोरातराई, हैट्रिक विकेट सोहन ने लिए। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर ठाकुर, उपाध्यक्ष रवि नेताम, सचिव तेजेश्वर मांझी, सहसचिव कमल साय धुर्वा, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू सहित सदस्यों गजेंद्र नेताम, मनीष, रामेश्वर, दीपक, गजू, गोपाल, पंकज, भूपेंद्र, शेखर, तेज, मुकेश का सहयोग रहा।

इस अवसर पर ग्राम की मातृशक्तियों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच जीवन लाल नाग सहित जीवनलाल यादव, किशोर सोनकर, मुरली पटवा, सुखराम कुलदीप, शांति लाल साहू, हेमानंद मरकाम, विजय ध्रुवा, कैलाश ठाकुर, शेषनारायण धुर्वा, होमेन्द्र सिन्हा, कमल साय धुर्वा, यतीश, मनीष प्रजापति, परस साहू थे।

मुख्य अतिथि श्री नाग ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में खेल का अत्यंत महत्व है। खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं चरित्र विकास में सहायक होता है तथा अनुशासन और विजय की प्रेरणा देता है।

## अंचल की खबरें

### हम सब ईश्वर की अनोखी रचना हैं : हरिशरण





**धमतरी।** गौरव पथ रामसागरपारा में कन्हैयालाल साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कथावाचक पंडित हरिशरण वैष्णव ने कलश यात्रा उपरांत कथा में सच्चिदानंद भगवान के स्वरूप का दिव्य एवं अलौकिक चित्रण करते हुए भक्तजनों को ईश्वर एवं आत्मा के बारे में बताया। भागवत के महात्मय का अभिनव चित्रण किया। प्रेत योनि में पड़े धुंधकारी की आत्मा की मुक्ति के बारे में बताते हुए कहा कि हम सब ईश्वर की अनोखी रचना हैं। इस मनुष्य योनि को प्राप्त कर उनके प्रति आभार प्रकट करने, उन्हें याद करने के लिए सत्संग, भागवत कथा का श्रवण आवश्यक है। जीवन के कर्मों को ईश्वर को समर्पित कर मोक्ष प्राप्त करना जरूरी है।

### श्रद्धालुओं ने सुनी सूर्यवंशी राजाओं की कथा





**जीजामगांव।** ग्राम सरबदा मड़ेली में आदर्श मानस मंडली व ग्रामवासियों द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पांचवें दिन की कथा में पं. कृष्णकुमार तिवारी पाटन ने बताया कि भागवत कथा मनुष्य के मलीन मन को शुद्ध करने की कथा है। भागवत के चार अक्षर भ से भक्ति, ग से घ्यान, व से वैराग्य, त से तत्वज्ञान है। तत्वज्ञान का तात्पर्य परमात्मा की प्राप्ति कराने वाली कथा है। मनुष्य को भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए। उन्होंने राजा शर्याति, राजा सागर, भागीरथी और भगवान श्रीरामजी की कथा सुनाई।

### प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने पाटेश्वर धाम के प्रमुख राम बालक दास को दिया निमंत्रण



**नगरी।** पाटेश्वर धाम के प्रमुख राम बालक दास को मुचकुंदेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने सिन्हा परिवार ने आमंत्रण दिया गया। आयोजन समिति की ओर से मीना देवी, प्रकाश, हितेश सिन्हा ने उनके निज निवास पर शिष्टाचार भेंटकर आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रीराम बालकदास ने आयोजन की सराहना करते हुए सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। उल्लेखनीय है कि यह महोत्सव आगामी दिनों में क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### भोथली स्कूल में 150 पौधों का रोपण



**धमतरी।** इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ग्राम भोथली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विस्टेरिया कार्यक्रम के तहत 150 पौधों का रोपण किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बनाए रखने की भावना जागृत करना है। कार्यक्रम में इंडोफिल के आरडीजीएम शशांक सिंह, धमतरी एरिया ऑफिसर इंडोफिल रघुवीर साहू, टोकेश्वर साहू, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, प्रबंधन समिति के त्रिभुवन सनहरा, प्राचार्य एलके उपाध्याय, एनएसएस प्रभारी गणेशप्रसाद साहू समेत शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शशांक सिंह ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम बच्चों और समुदाय को हरियाली बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक करने का एक प्रयास है।

### बेलरगांव में हुआ विश्व हिंदू सम्मेलन





**नगरी।** संघ के शताब्दी वर्ष पर बेलरगांव में घुटकेल,गढ़डोंगरी, बेलर मंडल का हिंदू सम्मेलन 15 जनवरी को हुआ। मुख्य अतिथि राम बालकदास पाटेश्वर धाम जिला बालोद, विशेष अतिथि राकेश साहू राममानस परिवार थे। मुख्य वक्ता राकेश साहू सह प्रांत महाविद्यालीन छात्र प्रमुख छग ने संघ स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही विभिन्न सेवा की जानकारी दी। देश में कोरोनाकाल के दौरान सेवा राहत कार्य का जिक्र किया। संतराम बालकदास ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाय घरों में होनी चाहिए। गौशाला में होनी चाहिए। कई लोग गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं। हमें धर्म कार्य को मिलकर करना है जात-पात के भेदभाव को छोड़कर हमें एक साथ रहना चाहिए। मौके पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिपं सदस्य प्रेमलता नागवंशी, अमरसिंह पटेल, लीलाम्बर साहू, रजनीकांत देवांगन, सुभाषचंद्र साहू, जागेंद्र प्रजापति, हेमंत ठाकुर, भुवनदास मानिकपुरी, नारद साहू, लीलेश प्रजापति, उमेश साहू, मौर्यध्वज सेन समेत संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बड़ौदा आरसेटी में टैली प्रशिक्षण 20 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) द्वारा 38 दिवसीय टैली प्रशिक्षण 20 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान एम.एस. आफिस, एम.एस. एक्सल, पावर पाइंट, इंटरनेट एवं टैली (जीएसटी) टीडीएस आईटी रिटर्न फाइलिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मगरलोड विकासखंड के खरीदी केंद्रों में 18 लाख 58 हजार 567 धान कट्टा जाम

# धान उठाव की सुस्त चाल से खरीदी केंद्रों में बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 31 जनवरी तक की जायेगी। धान परिवहन की सुस्त चाल से किसान सहित सोसाइटी प्रबंधक परेशान हैं। विकासखंड की सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान का परिवहन नहीं होने से जाम हो गया है। धान का उठाव तेजी से नहीं होने से केंद्र प्रभारी हताश हैं।



धान खरीदी के सुनहरे दावों के बीच मगरलोड विकासखंड में हकीकत बिल्कुल उलट नजर आ रही है। खरीदी केंद्र धान से पट चुके हैं, खुले आसमान के नीचे हजारों क्विंटल धान पड़ा है । परिवहन की रफ्तार इतनी सुस्त है कि अब सोसाइटी में संकट गहराने लगा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि मगरलोड विकासखंड की मगरलोड ब्रांच अंतर्गत 12 खरीदी केंद्र और करेली बड़ी ब्रांच अंतर्गत 6 खरीदी केंद्र में बुधवार से धान खरीदी ठप होने की कगार पर हैं। इससे किसानों की चिंता और और खरीदी केंद्रों के कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

छग में धान खरीदी का अभियान पूरे जोर-शोर से चलने के सरकारी दावों के बीच मगरलोड विकासखंड क्षेत्र से चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। क्षेत्र के दर्जनों उपार्जन केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने से भंडारण क्षमता पूरी तरह खत्म होने की कगार पर हैं । सबसे गंभीर स्थिति खरीदी मेघा, मगरलोड भेंडरी केंद्र की है, जहां अब धान रखने की जगह तक नहीं बची है। केंद्र का प्रबंधक का कहना है कि अब उनके पास कट्टा छल्ली मारने के लिए जगह भी नहीं है।

करेली बड़ी शाखा से मिली जानकारी अनुसार बड़े करेली केंद्र में 51468 क्विंटल, कुंडेल में 50119.60 क्विंटल, भेडरी केंद्र में 50463.60 क्विंटल, चंदना में 50412.80 क्विंटल, खिसोरा 55614.80, नवागांव 39900 क्विंटल धान जाम है। इसी प्रकार करेली शाखा अंतर्गत कुल 297978.80 क्विंटल जाम पड़ा है। मगरलोड शाखा अंतर्गत बोरसी खरीदी केंद्र में 26651.60 क्विंटल, मोहंदी में 36358 क्विंटल, मगरलोड में 58504.80 क्विंटल, करेली छोटी में 45772.80 क्विंटल, बेलरदोना 53511.60 क्विंटल, कपालफोड़ी में 18422.40 क्विंटल, अमलीडीह में 17812.40 क्विंटल, सिंगपुर में 31645.20 क्विंटल, मोहेरा में 19891.60 क्विंटल, मुलगाव में 32204.40 क्विंटल, मेघा में 47494.40 क्विंटल, भोथीडीह में 57578.80 क्विंटल इस प्रकार मगरलोड शाखा अंतर्गत कुल 445848.00 क्विंटल धान सोसाइटी में जाम है। इसी प्रकार इसे कट्टा में देखा जाए तो विकासखंड में कुल 18 लाख 58 हजार 567 धान का कट्टा जाम पड़ा है जो सोसाइटी प्रबंधक के लिए चिंता का विषय बन गया हैं।

#### बेमौसम बारिश और सूखत का डर

धान उठाव में हो रही देरी ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। खरीदी केंद्र बंद होने की आशंका के साथ-साथ बेमौसम बारिश का खतरा कभी भी मंडरा सकता है। यदि बारिश हुई तो खुले में रखा करोड़ों रुपए का धान खराब हो सकता है, वहीं धान के सूखने (सूखत) से वजन में कमी आने का खतरा भी समितियों के लिए बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।

#### विभागीय सुस्ती पड़ सकती है भारी

विभागीय अधिकारी भले ही परिवहन जारी होने के दावे कर रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। यदि अगले दो चार दिनों के भीतर परिवहन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कई खरीदी केंद्रों पर ताले लटक सकते हैं। ऐसी स्थिति में किसानों का आक्रोश फूटना तय माना जा रहा है ।

## नगर व्यवस्था समिति के दीपेश महासचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर व्यवस्था समिति नगरी की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से दीपेश निषाद को समिति का नया महासचिव नियुक्त किया गया। समिति द्वारा मड़ई मेला सहित अन्य पारंपरिक आयोजनों का सफल संचालन किया जाता है।

वर्तमान कार्यकारिणी में अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष वरिष्ठ धूलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, हेमलाल सेन, दीनदयाल शर्मा, हरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सहसचिव सुरेश साहू, धर्मेंद्र निषाद, नरेंद्र नाथ, अशोक पटेल, दीनदयाल साहू, धर्म निषाद, हरीश सार्वा शामिल हैं। ज्ञात हो कि तत्कालीन महासचिव प्रदीप जैन ने पारिवारिक कारणों से अपने पद से त्यागपत्र देकर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जुड़े रहने की सहमति दी, जिसके पश्चात रिक्त पद की पूर्ति हेतु समिति की बैठक में दीपेश निषाद को महासचिव नियुक्त किया गया। सहसचिव नोहर साहू के योगदान की भी सराहना की गई।

नियुक्ति पर अध्यक्ष नंद यादव, बलजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, रतन साहू, पंडित ठाकुरधर शर्मा, देवीचंद्र डेलरिया, उत्तम गौर, शैलेंद्र लहोरिया, पवन किरण, हृदय नाग, प्रदीप जैन, अशोक संचेती, राजशेखर नायर, विनोद गुप्ता, प्रदीप निषाद, अश्वनी निषाद, इतवारी राम नेताम ने हर्ष जताया है।

## गोकुलपुर में बह रही राम नाम की गंगा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री सत्संग समिति गोकुलपुर, रामपुर, महात्मा गांधी वार्ड के तत्वावधान में श्री सत्संग भवन मैदान गोकुलपुर में छत्तीसगढ़ स्तरीय मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक किया गया है।

उद्घाटन अवसर के प्रमुख वक्ता सियाराम साहू संरक्षक जिला राजमानस संघ ने श्रीराम चरितमानस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला लोकमंगल का दर्शन है। उन्होंने मानसगान के माध्यम से समाज में संस्कार, नैतिकता और समरसता के भाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण - पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध मानस परंपरा को संरक्षित करना, नई पीढ़ी को रामकथा से जोड़ना तथा लोकसंस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना है।

## डांडेसरा में मानसगान सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



धर्म जागरण मानस प्रचार समिति एवं जय बजरंग मानस मंडली डांडेसरा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक खेल मैदान में किया जा रहा है, जिसमें 21 ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया है। द्वितीय दिवस 17 जनवरी को शिव शक्ति मानस मंडली झाझरकेरा नगरी, प्रेमशंकर मानस परिवार दरगहन, वंदना बालिका मानस परिवार आमापारा बालोद, लवकुश मानस मंडली बोरसी मगरलोड, गौरी महिला मानस मंडली अरौद नगरी, वसुन्धरा मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद, श्रीराम दरबार मानस परिवार चितमखार महासमुंद की प्रस्तुति हुई। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि तारिणी चन्द्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी थीं। अध्यक्षता बाहरू राम ध्रुव पूर्व सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि ढालसिंग कंवर ग्रामीण समिति कोषाध्यक्ष, पंकज जोशी ग्रामीण उपाध्यक्ष, बिन्दु साहू पूर्व सरपंच, तारेन्द्र साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, भगत चन्द्राकर थे। आज 18 जनवरी रविवार को भगवती मानस परिवार सेनचुवा धमतरी, श्रध्दा सुमन मानस परिवार बनबगौद नगरी, नव ज्योति मानस मंडली गोपालपुरी धमतरी, जागृति महिला मानस मंडली भोथली धमतरी, जय महामयी मानस मंडली साराडीह महासमुंद, सरस्वती मानस परिवार कपसदा दुर्ग, श्रीराम जानकी मानस परिवार अल्मोड़ा कांकेर एवं रूद्रेश्वर मानस मंडली बेलरगांव नगरी की प्रस्तुति होगी।

## विधायक ने किया जिलास्तरीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

- स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में टॉरनेडो क्लब ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



नगर एवं क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में टारनेडो क्लब द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

शुभारंभ विधायक अजय चंद्राकर एवं नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने किया। शनिवार को खेल मेला मैदान कुरूद में 17, 18 जनवरी तक चलने वाली इस खेल स्पर्धा के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर ने क्रिकेट प्रशिक्षक स्व. विनोद गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नगर में खेल नर्सरी तैयार करने में उनके योगदान को याद किया। विधायक श्री चन्द्राकर ने माना कि विगत दशक में यहां करोड़ों रुपए खर्च कर खेल सुविधाओं में काफी इजाफा किया गया, लेकिन उस अनुपात में खेल का विस्तार नहीं हुआ है। मैदान में खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा नशेबाज उठाने लगे, यह समाज का चिंतनीय पहलू है।

प्रथम नागरिक ज्योति चन्द्राकर ने दो दिवसीय खेल आयोजन के लिए टीसीसी को बधाई देते हुए आगे भी खेल गतिविधियां संचालित करते रहने की सलाह दी। मंच पर मौजूद अन्य अतिथि देवव्रत साहू, रविकांत चन्द्राकर, कृष्णकांत साहू, नीरज चंद्राकर, भानु चन्द्राकर ने मैदान में टॉस उछाला और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। आयोजन से जुड़े पुष्कर गोस्वामी, हरीश देवांगन, हरिशंकर सोनवानी, प्रमोद साहू ने बताया कि कबड्डी टूर्नामेंट की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, उपविजेता को 11 हजार, तृतीय आने पर 6 हजार तथा चतुर्थ आने वाली टीम को 4 हजार रुपये दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2100 रूपये, सर्वश्रेष्ठ रेडर व सर्वश्रेष्ठ कैचर को 11-11 सौ और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। टारनेडो क्लब द्वारा 32 टीम के सभी खिलाड़ियों को नीकर व टीशर्ट प्रदान की जाएगी।

## अंजुमन स्कूल के अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उमावि में 14 जनवरी को अल्पसंख्यक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आलिया परवीन 91 प्रतिशत 11वीं, स्वालेहा नूरी 91 प्रतिशत 9वीं एवं उम्मे कुलसुम 82.16 प्रतिशत 10वीं को छग राज्य अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीतसिंह छाबड़ा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष शेख मोबिन, सैय्यद नवाब अली, सैयद असदुल हुसैन, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान मौजूद थे। प्राचार्य श्रीमती शबाना खान एवं अंजुमन स्कूल स्टाफ ने बच्चों को अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी।

## यूथ हॉस्टल्स छग का निर्विरोध निर्वाचन, धमतरी को मिले कई पद



- हुकुमचंद जैन उपाध्यक्ष, अनन्त दीक्षित नेशनल कौंसिल मेम्बर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के पदाधिकारियों का त्रैवार्षिक निर्वाचन रायपुर में हुआ। चुनाव के बाद नई राज्य कार्यकारिणी की घोषणा की गई। धमतरी इकाई के सचिव सुबोध महावर ने बताया कि निर्वाचन में सुनील विश्नोई रायपुर अध्यक्ष चुने गये। उपाध्यक्ष पद पर हुकुमचंद जैन धमतरी, सतीश शुक्ला कोरबा एवं शैलेश शुक्ला बिलासपुर निर्वाचित हुए। वहीं संदीप सेठ कोरबा को स्टेट चेयरमैन बनाया गया। सीए अशोक झाबक रायपुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

धमतरी से रमेश देव को एपीसी, डॉ. अनंत दीक्षित को नेशनल काउंसिल मेम्बर तथा योगेश गुप्ता को स्टेट काउंसिल मेम्बर नियुक्त किया गया। निर्वाचन के लिए मोहन कुमार बिहार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। कार्यक्रम में के. सुब्रमण्यम दुर्ग भिलाई को सचिव तथा सुबोध देवांगन दुर्ग भिलाई को संगठन सचिव मनोनीत किया गया ।

इस अवसर पर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की राज्य इकाई के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यूथ हॉस्टल संगठन युवाओं को प्रकृति, पर्यावरण, पर्यटन, साहसिक गतिविधियों एवं सामाजिक सेवा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में ऋषिकान्त तिवारी, मिनेश मिश्रा, प्रियम खरे, शैलेन्द्र नामदेव, सुभाष पंडा, राहुल गुप्ता, हंसराज अटल, विमल श्रीवास सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## कथा श्रवण करने पहुंचे पूर्व विधायक ने डाली आहुति



- मोंगरा में प्रज्ञा शिव महापुराण एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम मोंगरा में ग्रामवासियों एवं संगठन के सदस्यों द्वारा प्रज्ञा शिव महापुराण कथा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें पं. नारायण कौशिक ने अपने मुखारविंद से भक्तगणों को शिव महिमा का रसपान कराया और लोगों को अच्छे कर्म के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आदमी का कर्म अच्छा होना बहुत जरूरी है क्योंकि कर्म ही आपको ऊंचे स्थान प्रदान करता है। कथा सुनने पहुंचे लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं अपने गुरुदेव के आश्रम हरिद्वार शांतिकुंज जाता हूं तो वहां एक रात जरूर ठहरता हूं। वहां जाने से शांति एवं संयम का अनुभव होता है। उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर संगठन के सदस्य नंदलाल साहू, सुजीत साहू, तेजेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण, राम रामायण लाल, शीतल साहू, त्रिलोक साहू, मनोहर साहू समेत अनके ग्रामवासी मौजूद थे।

## दिव्यांग स्कूल में मनाई गई मकर संक्रांति

**सिर्री।** शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान कुरूद द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दिव्यांग आवासीय विद्यालय की अधीक्षक मनीषा नेताम सहित स्टाफ द्वारा मूकबधिर एवं दिव्यांग बच्चों को तिल का लड्डू खिलाया गया। बच्चों को पतंग भी दिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने काफी उत्साह के साथ पतंगबाजी कर खूब आनंद लिया। इस दौरान बालभोज का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता तमन्ना जैन कुरुद द्वारा बालभोज में पूड़ी, बड़ा, भजिया, सब्जी के साथ तिली लड्डू, चॉकलेट, बिस्किट खिलाई गई । बालभोज में विभिन्न प्रकार के व्यंजन पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### कॉलेज में अंकसूची 22 तक जमा करें

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याणसिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को अपनी अंकसूची की मूल प्रति महाविद्यालय में 22 जनवरी तक जमा करने कहा गया है। विदित हो कि पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा जारी अंकसूची में सत्र मार्च अप्रैल 2024 एवं मार्च अप्रैल 2025 में (नैक) एनएसीसी लिखा है जो त्रुटिपूर्ण है। उनके स्थान पर एनएसीसी सुधार किया जाना है। त्रुटि सुधार हेतु परीक्षार्थी 22 जनवरी तक मूल अंकसूची जमा करें। निर्धारित तिथि तक जमा नहीं करने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह जानकारी डॉ सीआर यदु ने दी।

### गातापार में आज सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन

**सिर्री।** ग्राम गातापार (सिर्री) में छग महतारी साहित्य अकादमी और प्रेरणा युवा संगठन के तत्वावधान में 18 जनवरी को बाजार चौक में साहित्यकार सम्मान समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सम्मान समारोह दो चरण में होगा। तीसरे चरण में हास्य कवि सम्मेलन होगा। पहले चरण के मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा जिला समन्वयक राजभाषा आयोग रायपुर होंगे। शाम 4 से 6 बजे तक दूसरे चरण के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। तीसरे चरण में शाम 7 बजे से हास्य कवि सम्मेलन होगा। कवि मकसूदन साहू, कवयित्री प्रियंका गुप्ता, कवि मंशाराम गंधर्व, कवि रमेश रस्सियार, कवि सुरेश केवट, चोपेश्वर साहू, पुरूषोत्तम प्रसाद, गुप्ता, सुश्री सेलिना दावना, राजू छत्तीसगढ़िया, हर्षित साहू बाल कवि अपनी कविता प्रस्तुत करेंगे।

### मौसम शुष्क रहेगा, तापमान में होगी वृद्धि

**धमतरी।** शनि-रविवार की रात उत्तर तथा मध्य छत्तीसगढ़ में शीतलहर चल सकती है। इसके बाद तीन दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम सूत्रों के अनुसर मकर संक्राति के बाद अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ के रूप में एक चक्रवाती परिसंचरण अफगानिस्तान और उससे सटे पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किमी के उपर स्थित है। मध्य और उष्ण कटिबंधीय पश्चिमी हवाओं में गर्त के साथ इसका अक्ष स्थित है। उष्ण कटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम उत्तर-पूर्व भारत के ऊपर औसत समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर 145 नॉट की स्पीड से चल रही है। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

बस स्टैंड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर व्यवसायियों ने आपत्ति दर्ज कराई

# बस स्टैंड में अतिक्रमण पर नगर पालिक निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा बाहर शेड निकालकर सामान फैलाने की लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए नगर निगम ने शनिवार की सुबह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान निगम के अमले ने बस स्टैंड परिसर में फैले अवैध अतिक्रमण को हटाया और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों के बाहर स्टॉल, होल्डर और अतिरिक्त शेड लगाए जाने से न केवल यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही थी, बल्कि यातायात भी प्रभावित हो रहा था। इसके अलावा नालियों की सफाई और नियमित स्वच्छता कार्यों में भी निगम कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सफाई के लिए पहुंची निगम टीम ने जब नालियों तक पहुंचने में समस्या होने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी, जिसके बाद तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

नगर निगम आयुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि संबंधित दुकानदारों को पूर्व में भी कई बार समझाइश दी जा चुकी है। इसके बावजूद दुकानों के बाहर सामान फैलाकर रखने और अतिरिक्त शेड लगाने की प्रवृत्ति लगातार जारी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान बाहर रखने से यात्रियों, बस संचालकों और आम नागरिकों को असुविधा होती है। सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में दुकान के भीतर ही सामान रखें और किसी भी प्रकार का अतिरिक्त अतिक्रमण न करें।

अभियान के दौरान निगम की टीम ने बस स्टैंड के एंट्री गेट से लेकर निकासी द्वार तक दुकानों के सामने लगाए गए स्टॉल, होल्डर पोस्ट और बाहर रखा गया सामान हटाया। नालियों को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई कराई गई तथा फुटपाथ पर बैठकर व्यवसाय करने वालों को निर्धारित स्थान पर ही बैठने की हिदायत दी गई। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आगे भी यदि अतिक्रमण पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रुद्री रोड से भी हटाया गया बैनर पोस्टर



शहर के रुद्री रोड क्षेत्र में नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह अभियान अंबेडकर चौक से लेकर कलेक्ट्रेट मार्ग तक चलाया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से बैठे फुटपाथी दुकानदारों को यथास्थान बैठने की समझाइश दी गई, वहीं सड़क किनारे लगे फ्लैक्स, बैनर और पोस्टर को बुलडोजर की सहायता से हटाया गया। अभियान के दौरान निगम टीम ने सड़क किनारे फैले मलबे और कचरे को ट्रैक्टर की मदद से हटाकर निगम परिसर भिजवाया। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से रुद्री रोड क्षेत्र में अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कुछ स्थानों पर नालियों पर भी कब्जा कर लिया गया था, जिससे जल निकासी बाधित हो रही थी। निगम टीम ने नालियों को अतिक्रमण मुक्त कर साफ कराया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग और नालियों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने पर ही मिलेगा प्रवेश

- छग शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 1 फरवरी को छग शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन दो पाली में किया जा रहा है। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि प्रथम पाली (प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) लगभग 5039 अभ्यर्थी एवं द्वितीय पाली (माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 8520 अभ्यर्थी शामिल हो रहे है। जिले में प्रथम पाली हेतु 16 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली हेतु 32 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

अभ्यर्थियों के लिए निर्देश जारी किए गए है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। यह परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होगी है अतः मुख्य द्वार प्रातः 9 बजे बंद कर दिया जावेगा। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे प्रारंभ हो रही है। मुख्य द्वार दोपहर 2:30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे जामुनी, मैरून बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित है। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है।

## आज श्रृंगी ऋषि स्कूल में सजेगा स्मृतियों का मंच




- स्नेह सम्मेलन में पूर्व छात्र-छात्राएं एवं सेवाएं दे चुके शिक्षकगण होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

पीएमश्री श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी में आज 18 जनवरी को गुरुजन एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का स्नेह सम्मेलन (एलुमिनी मीट) होगा। आयोजन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस सम्मेलन में वर्ष 1970 से 2010 तक विद्यालय में अध्ययन कर चुके हजारों भूतपूर्व छात्र-छात्राएं तथा 2010 से पूर्व सेवाएं दे चुके शिक्षकगण एक ही मंच पर एकत्रित होंगे। वर्षों बाद अपने गुरुजनों और सहपाठियों से मिलना सभी के लिए भावुक क्षण होगा, जहां स्मृतियों का सैलाब उमड़ेगा और विद्यालय जीवन की अनमोल यादें पुनः जीवंत होंगी। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागी अपने छात्र जीवन के अनुभव, संघर्ष, सफलता की कहानियां और जीवन यात्रा साझा करेंगे। आयोजन समिति द्वारा मंच व्यवस्था, स्वागत, पंजीयन, भोजन, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है। आयोजन की तैयारी में कमल डागा, अशोक संचेती, अनिल छाजेड़, नागेन्द्र शुक्ला, विमल मिश्रा, डोमार सिंह ध्रुव, रिखब सोनी, जियाउद्दीन रिजवी, भानेंद्रसिंह ठाकुर, बलजीत छाबड़ा, पेमन स्वर्णबेर, प्रदीप छाजेड़, विक्की खनूजा, श्रीमती चलेश्वरी साहू, प्रभा साहू, ममता खालसा, ललित शर्मा, विनय नाग, बसंत हिरवानी, अजय छाजेड़, सचिन भंसाली, दीनदयाल यादव, अंकित संचेती, अनवर खान, दीपक शर्मा, सच्चिदानंद स्वर्णबेर जुटे हैं। प्राचार्य एसके प्रजापति के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## मोदी की गारंटी लागू करवाने गांधी मैदान में जुटे जिलेभर के शिक्षक

- चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहायक शिक्षकों ने किया एक दिवसीय आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय आंदोलन किया गया। इसी कड़ी में धमतरी जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में जिलेभर के सहायक एवं समग्र शिक्षकों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल कर प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष दौलत राम ध्रुव ने किया। शिक्षकों ने मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर एलबी संवर्ग के शिक्षकों को सभी लाभ देने, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के लिए निजी मोबाइल में वीएसकेकी अनिवार्यता खत्म करने की मांग रखी।

जिलाध्यक्ष दौलत राम ध्रुव ने कहा कि सहायक शिक्षक पिछले कई वर्षों से वेतन विसंगति की मार झेल रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने विसंगति को स्वीकार किया था, लेकिन समाधान नहीं किया। वर्तमान सरकार ने भी अपने चुनावी घोषणा पत्र में वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि सरकार हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे का नारा देती है, तो वेतन विसंगति दूर कर मोदी की गारंटी पूरी करनी चाहिए। प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चन्द्राकर ने कहा कि सरकार सत्ता में आने के बाद अपने वादों से पीछे नहीं हट सकती। ब्लॉक अध्यक्ष तुकेश साहू, टेमन साहू, तेजलाल साहू और ममता प्रजापति ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षकों की सेवा संकट में है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दौलत राम ध्रुव, राजेन्द्र वर्मा, हुलेश चन्द्राकर, गजानंद सोन, नवीन मार्कण्डेय, भेषज साहू, केशव यादव, पीयूष साहू, तुकेश साहू, टेमन साहू, तेजलाल साहू, ममता प्रजापति, गौतम पोटाई, रामेश्वर साहू, संजय सोनवानी उपस्थित थे।

## छड़ से लदा ट्रक पलटा चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छड़ भरकर आ रहा ट्रक भखारा मार्ग में देमार के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि ट्रक क्रमांक सीजी 17 केएक्स 3351 सरिया भरकर रायपुर की तरफ से भखारा मार्ग से होते हुए धमतरी की ओर आ रहा था। ट्रक ग्राम देमार के पास स्थित पुल के ऊपर से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल को चपेट में लेते हुए पलट गया। घटना में ट्रक के चारों पहिये ऊपर हो गए। ट्रक में भरा सरिया सड़क व पुल के नीचे बिखर गया। ट्रक के पलटने से चालक केबिन में फंस गया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को ट्रक की केबिन से बाहर निकाला। घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त होने से विद्युत सप्लाई बाधित हो गई जिसके कारण क्षेत्र में रात भर बिजली गुल रही। लोगों ने घायल चालक की हालत को देखते हुए उसे उपचार के लिए रायपुर भेज दिया। वहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना पर विभाग के कर्मचारी शनिवार को घटनास्थल पहुंचे और एक तरफ की लाइन को चालू कराया। वहीं क्षतिग्रस्त पोल और लाइन का मरम्मत कार्य दिनभर चलता रहा। ट्रक चाक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## भक्ति केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि संस्कार का समन्वय है : संत विजयानंद

**धमतरी।** आमंत्रण हेरिटेज रुद्री में दुर्लभ सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ऋषिकेश से पहुंचे संत विजयानंद गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किए। उन्होंने बताया कि भक्ति केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि अनुशासित जीवन, संयम, सत्य, सेवा, सदाचार और संस्कार का समन्वय है। भौतिक आडंबर से दूर रहकर आत्मिक शुद्धता की ओर बढ़ना ही सच्ची साधना है। उनका संदेश जीवन को सरल, संयमित और उद्देश्यपूर्ण बनाने की प्रेरणा देता है।

आमदी की घटना
35 बच्चे बस में थे सवार
बाल-बाल बची जान

## स्कूली बस को हाईस्पीड हाइवा ने मारी ठोकर



**धमतरी/आमदी।** बच्चों को उतारने के लिए नगर पंचायत आमदी में सड़क किनारे खड़ी एक स्कूली बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान बस में लगभग 35 बच्चे सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर हायर सेकेंडरी स्कूल की बस क्रमांक सीजी 24 एच 0106 स्कूल से 30 से 35 बच्चों को बिठाकर उन्हें छोड़ने के लिए निकली थी। बस ग्राम पंचायत आमदी पहुंच सड़क किनारे खड़ी थी। बच्चे बस से उतर रहे थे। इसी दौरान मिट्टी से भरे तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 04 जे 9327 के चालक ने स्कूली बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान 30 से 35 बच्चे स्कूली बस में सवार थे। गनीमत रही कि बच्चों को कुछ नहीं हुआ। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार हाइवा तेज गति से आ रहा था। गति अधिक होने के कारण चालक ने हाइवा को नियंत्रित नहीं कर पाया जिसके कारण हाइवा सड़क किनारे खड़ी स्कूल बस के पीछे जा टकराया। टक्कर से बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। कुछ बच्चों को मामूली चोट लगी है जिनका मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की सूचना पर संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना अभिभावकों को दी गई। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हो गए। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने, भारी वाहनों पर नियंत्रण लगाने तथा घटना की जांच की मांग की है।

## शिक्षा से ही समाज का विकास : अंगिरा





- देवपुर परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन में 34 गांवों के समाज प्रमुख जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

डोंगेश्वर घाट परिसर स्थित आदिवासी भवन में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज देवपुर परिक्षेत्र का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन हुआ। अधिवेशन में देवपुर परिक्षेत्र के 5 पाली एवं 34 गांवों के आदिवासी समाज प्रमुख शामिल हुए। इस दौरान समाज की सामाजिक आय-व्यय, सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा की गई तथा कई मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। समाज के बच्चों ने आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव रहीं। अध्यक्षता कृष्णा नेताम अध्यक्ष देवपुर परिक्षेत्र ने की। विशिष्ट अतिथि आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के संरक्षक जीवराखन मरई, जनपद सदस्य हरनारायण साहू, तहसील अध्यक्ष जयपाल सिंह ठाकुर, सरपंच रमी गौतम शंकरदाह, सरपंच देवलाल साहू देवपुर, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ध्रुव, अमृता ध्रुव, कुंती ध्रुव, सीता ध्रुव, सलाहकार तोरण सिंह, रामेश्वर मरकाम, प्रेमू चंद्रवंशी, सांकरा मुड़ाध्यक्ष जगमोहन मरई, धनंजय मरकाम, मनराखन मुड़ाध्यक्ष मण्डावी, खैरा मुड़ाध्यक्ष गैंदलाल ध्रुव, परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष पूरन सिंह मरकाम, सिवनी मुड़ाध्यक्ष धनेश नेताम थे। इस मौके पर अंगिरा ध्रुव ने समाज को संगठित होकर शिक्षा और सामाजिक जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया जब तक हमारा समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक हम विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाएंगे। हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। यही समाज की सच्ची प्रगति का रास्ता है। संरक्षक जीवराखन मरई ने कहा कि आने वाला समय आदिवासी समाज के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। समाज के संवैधानिक अधिकार धीरे-धीरे समाप्त किए जा रहे हैं। नौकरी में पदोन्नति की संभावनाएं भी कम हो रही हैं। समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय सामूहिक विवाह में 51 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। तहसील अध्यक्ष जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में बांधने की आवश्यकता है। महिला प्रभाग प्रमुख रमी गौतम ने विवाह योग्य युवक-युवतियों को सामूहिक विवाह के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दिलीप तुमरेकी, नंदकुमार परते, बुधारू राम छेदैहा, लखनलाल नेताम, टिकेश छेदैहा, महेंद्र कुमार नेताम, धनबती ध्रुव, मंजू ध्रुव, भारती मंडावी, भूपेंद्र कुंजाम, डुमन मंडावी, चित्रसेन मंडावी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### तहसील ब्राम्हण समाज भखारा का परिवार संपर्क अभियान शुरू

**कोर्रा(भखारा)।** तहसील ब्राम्हण समाज भखारा द्वारा परिवार संपर्क अभियान की शुरुआत ग्राम रामपुर से की गई । तहसील ब्राम्हण समाज भखारा अंतर्गत रहने वाले सभी 70 ब्राम्हण परिवार से संपर्क किया जाएगा। तहसील ब्राम्हण समाज भखारा द्वारा संगठन को मजबूत करने और सबको एक साथ लेकर चलने के उद्देश्य को लेकर ग्राम रामपुर में बैठक आयोजित की गई जिसमें रामपुर पचपेड़ी ब्राम्हण समाज के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।










